दिन– शुक्रवार | दिनांक– 11/09/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. ब्रिक्स समिट के वेलकम किट में शामिल हुआ बिहार का सत्तू और मखाना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य के उत्पादों को मिल रही है वैश्विक पहचान।

02. सम्राट चौधरी सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर बीस नवम्बर को राज्य के तीस हजार भूमिहीन परिवारों को दिया जाएगा बासगीत पर्चा।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।

04. और, प्रदेश में कई प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी के बावजूद बाढ़ का दायरा बढ़ा। पन्द्रह जिलों की सैंतालीस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स समिट के वेलकम किट में बिहार के सत्तू और मखाना को शामिल किया गया है, जो बिहार के स्वाद, परंपरा और उद्यमिता की पहचान हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री चौधरी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'लोकल टू ग्लोबल' संकल्प के माध्यम से बिहार के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार की नई पहचान के रूप में यहां का स्वाद अब दुनिया के सामने पहुंच रहा है।

————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बीस नवम्बर को सम्राट चौधरी सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर तीस हजार भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा दिया जाएगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री जायसवाल ने यह जानकारी दी।

——साउंड बाइट——

---

उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि दुबई में आयोजित वार्षिक निवेश सम्मेलन में राज्य में निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में हुई चर्चाओं से राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर नई उम्मीद जगी है।

--साउंड बाइट--

---

सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने वर्ष दो हजार चौबीस में प्रतिकूल मौसम के कारण खराब हुई फसल के लिए किसानों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया। पटना में आयोजित कार्यक्रम में श्री यादव ने कहा कि सहायता राशि बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत दी गयी है।

--साउंड बाइट--

---

पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने कहा है कि वैशाली के लालगंज में निर्माणाधीन पुल के बीम लॉन्चर गिरने की जांच कराई जाएगी। भागलपुर में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि हादसे में घायल सभी लोगों को अस्पताल से छुट्‌टी दे दी गयी है।

---

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा–सेक्यूलर की ओर से आज पश्चिम चंपारण जिले के नरकटियागंज में गरीब चौपाल यात्रा आयोजित की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि यात्रा के माध्यम से गरीबों की समस्याएं सुनी जा रही हैं और उनके समाधान का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी लागू है और आगे भी जारी रहेगी। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने कभी आरक्षण समाप्त करने की बात नहीं कही है।

--साउंड बाइट--

---

विधानसभा के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के लिए जरूरी सुविधाओं की जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध होंगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मोबाइल ऐप आधारित सिंगल विंडो सिस्टम विकसित करने का निर्देश दिया है। इसके जरिए यात्रा और दैनिक भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा अतिथि निवास जैसी सुविधाओं के लिए आवेदन और उनकी स्थिति की जानकारी मिल सकेगी।

————————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के लिए सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में विशेष पीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा किया जाएगा। ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का भी निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से किया जाएगा। परिवहन मंत्री दामोदर राउत ने वाहन मालिकों से लंबित चालानों के निष्पादन के लिए लोक अदालत आने की अपील की है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

प्रदेश में सत्रह सितंबर से शुरू हो रहे 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर आज पटना में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभागवार समीक्षा की गई और अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव और सचिव मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में सभी जिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

————————————————————————————

प्रदेश में कई प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी के बावजूद बाढ़ का दायरा बढ़ता जा रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, राज्य के पन्द्रह जिलों के सत्तासी प्रखंडों में सैंतालीस लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में एक हजार दो सौ इक्कीस सामुदायिक रसोई केंद्र और पन्द्रह राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ की दस और एसडीआरएफ की सत्ताईस कम्पनियों की तैनाती की गयी है। लोगों को आवागमन के लिए एक हजार नौ सौ बाईस नावों का परिचालन किया जा रहा है।

————————————————————————————————

जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, पुनपुन, बागमती और घाघरा समेत कई नदियां विभिन्न स्थानों पर अब भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। हालांकि, अधिकांश स्थानों पर जलस्तर में गिरावट का रुख है। गंगा नदी भागलपुर के कहलगांव में खतरे के निशान से एक दशमलव छह छह मीटर ऊपर बह रही है। वहीं, बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से एक दशमलव सात आठ मीटर और कोसी नदी का जलस्तर कुर्सेला में एक दशमलव चार नौ मीटर ऊपर दर्ज किया गया। पुनपुन का जलस्तर भी श्रीपालपुर में खतरे के निशान से एक दशमलव चार–एक मीटर ऊपर है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर बेनीबाद और घाघरा का जलस्तर दरौली में बढ़ रहा है।

————————————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुयी है। औरंगाबाद के ओबरा में सबसे अधिक एक सौ तेईस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

गयाजी में पच्चीस सितम्बर से शुरू हो रहे पितृपक्ष मेले को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि इस बार मेले में सुरक्षा को लेकर तकनीक के अधिक से अधिक इस्तेमाल पर बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए पच्चीस रुपये में भोजन की व्यवस्था की गयी है। साथ ही श्रद्धालुओं के आवासन के लिए गांधी मैदान में टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने आज लघु जल संसाधन विभाग के छपरा अंचल के अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र कुमार के पटना, मसौढ़ी, गया, छपरा और मुम्बई में पांच ठिकानों पर छापेमारी की है। आय से अधिक संपत्ति मामले में यह कार्रवाई की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधीक्षण अभियंता पर आय से सौ प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

---

बैंक कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में आज हड़ताल किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर हुई इस हड़ताल का राज्यभर में व्यापक असर देखने को मिला। बैंकिंग सेवाओं के बाधित होने के चलते हजारों करोड़ रुपये का लेन–देन प्रभावित हुआ।

---

भागलपुर जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतुबगंज में अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक भाजपा के नेता बताए जाते हैं।

---

कटिहार जिले के कुर्सेला प्रखंड स्थित पूर्वी मुरादपुर में डूबने की घटना में एक बच्चे की मौत हो गयी, जबकि दो बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया।

---

मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक डम्पर ट्रक से तीन हजार लीटर से अधिक शराब जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है।

---

जमुई जिले के सिमुलतला थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी इलाकों और जंगलों में एसएसबी और पुलिस के सर्च अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं।

---

वैशाली जिले के भगवानपुर से पुलिस ने बहत्तर किलो गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से दो कार भी जब्त किये गए हैं।

---

गया जिले के फतेहपुर में चोरी के एक मामले की जांच करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिसकर्मियों को चोट आई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

शेखपुरा जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से में पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग बीस लाख रुपये मूल्य की शराब, एक पिकअप वैन और मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

---

पूर्णिया जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग ढाई लाख रुपये भी बरामद किये गये हैं।

---

बगहा की एक अदालत ने चर्चित विजय सहनी हत्याकांड मामले में दोषी अशोक यादव को उम्रकैद और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले में पहले ही पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है।

---

जनता दल यूनाइटेड की ओर से आज सासाराम में नीतीश संवाद का आयोजन किया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने कहा कि फरक्का जलसंधि के नवीनीकरण से पहले बिहार के हितों को ध्यान में रखने की आवश्यकता है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. ब्रिक्स समिट के वेलकम किट में शामिल हुआ बिहार का सत्तू और मखाना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य के उत्पादों को मिल रही है वैश्विक पहचान।

02. सम्राट चौधरी सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर बीस नवम्बर को राज्य के तीस हजार भूमिहीन परिवारों को दिया जाएगा बासगीत पर्चा।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।

04. और, प्रदेश में कई प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी के बावजूद बाढ़ का दायरा बढ़ा। पन्द्रह जिलों की सैंतालीस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।